टैंकरों से कैमिकल व एलपीजी गैस चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

भारी मात्रा में कैमिकल, डीजल, नकद सहित अन्य सामान जब्त

- पुलिस ने किया 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार
- एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (सीआईडी सीबी) राजस्थान की ओर से अजमेर, ब्यावर, पाली सिरोही, चूरू एवं बालोतरा जिलों में ग्यारह स्थानों पर कार्रवाई की गई

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (सीआईडी सीबी) राजस्थान की ओर से अजमेर, ब्यावर, पाली सिरोही, चूरू एवं बालोतरा जिलों में ग्यारह स्थानों पर हाइवे पर बने होटल ढाबों की आड़ में टैंकरों से कैमिकल व एलपीजी गैस चोरी कर भंडारण करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर कुल 1 लाख 86 हजार 780 लीटर कैमिकल, 14 हजार 800 लीटर बायो डीजल, 5 लाख 82 हजार 770 रुपए नगद सहित 12 वाहन, भारी मात्रा में ड्रम, टंकियां, मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त कर 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि विदेशों से भारत में आयात कैमिकल जो कांडला बन्दरगाह की ओर से गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश विभिन्न राज्यों में टैंकरो द्वारा परिवहन किया जाता है।

इस सम्बन्ध में सूचना मिली कि कुछ गैंग पश्चिमी राजस्थान के सिरोही, पाली, ब्यावर, अजमेर, जोधपुर, चूरू जिलों में नेशनल हाईवे पर होटल एवं ढाबों की आड़ में टैंकरो की सील तोडकर उनसे कैमिकल, डीजल, पेट्रोल, थिनर और एलपीजी गैस की चोरी करते है एवं पुनः सील लगाकर टैंकरो को रवाना कर देते है।

इस सूचना पर टीमों का गठन कर होटलों व संदिग्ध ठिकानों को चिन्हित किया गया। इस पर संदिग्ध स्थानों पर अलग-अलग टीमों ने अजमेर के मांगलियावास और बान्दरसिन्दरी तथा ब्यावर में सैन्दका, रायपुर एवं पाली में सुमेरपुर व सांडेराव, शिवपुरा तथा सिरोही में पालकी एवं चूरू में दुधबखारा, सुजानगढ, चुरू शहर एवं बालोतरा में शिणवरी थाना इलाकों मे होटलों पर दबिश देकर ज्वलनशील एवं अतिज्वलनशील कैमिकल, बायो-डीजल एवं एलपीजी गैस की चोरी कर भण्डारण करने वालों के 11 स्थानों पर दबिश देकर 1 लाख 86 हजार 780 लीटर कैमिकल, 14 हजार 800 लीटर बायो डीजल, 6 लाख 82 हजार 770 रूपए नगद, 6 टैंकर, एक ट्रक, 2 पिकअप, 1 कार, 1 बाइक, 100 ड्रम, 10 एलपीजी भारत गैस की 460-450 किलोग्राम की टंकिया, 20 गैस सिलेंडर कॉमर्शियल मय रिफिल पाइपों के, 14 मोबाइल एवं अन्य सामान पाइए, गेज, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, सील तोड़ने व लगाने की मशीन एवं सील, नोजल, पानी की मोटर, अवैध डोडा चूरा, अवैध शराब जब्त कर 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

बाइक्स गैंग ने एक महिला सहित तीन लोगों को बनाया शिकार

जयपुर। शहर में बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाइक्र्स गैंग के सदस्यों ने पुलिस कमिश्नरेट में महिला सहित तीन लोगों को शिकार बनाकर उनसे मोबाइल, नकदी व सोने की चेन छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

लक्ष्मी विहार बजरी मंडी निवासी आशा ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया कि बजरी मंडी स्थित उसकी दुकान पर स्कूटी पर सवार होकर दो बदमाश आए और साड़ी देखने के बहाने उसका मोबाइल लेकर भाग निकले। वह इस अप्रत्याशित घटना में कुछ समझ पाती तब तक बदमाश स्कूटी पर सवार होकर तेजी से गलियों में ओझल हो गए।

घटना 26 मार्च की दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच की है। पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। दूसरी घटना में जाट के कुएं का रास्ता निवासी संतु सिंह ने नाहरगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर जा रहा था इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसे जबरन पीछे से पकड़ लिया। इसके बाद बदमाश उसकी जेब से 12 हजार 200 रुपए निकाल कर बाइक से भाग निकले। घटना 25 मार्च की शाम करीब सवा पांच बजे की है। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। तीसरी घटना में पदमावती कॉलोनी निवासी कांता अग्रवाल ने श्याम नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर जा रही थी इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गया। घटना 26 मार्च की शाम करीब सवा 6 बजे की है। पीडित ने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाई। इस प्रयास में वह गिरते-गिरते बच गई। घटना के बाद पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया।

सार-समाचार

जाली बिलों से कर चोरी में सीए अंकित जैन गिरफ्तार

जयपुर। वाणिज्यिक कर विभाग की वृत-ए, प्रवर्तन शाखा-तृतीय जयपुर द्वारा बिना किसी माल अथवा सेवा की सप्लाई किये केवल बिल जारी करते हुए कुल 10.05 करोड़ की फेक आईटीसी जनरेट एवं यूटिलाइज करने के आरोप में सीए अंकित जैन पुत्र कैलाश चन्द्र जैन (37) निवासी प्रताप नगर सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की मेसर्स अंकित के सी जैन एंड एसोसिएट्स नाम से फर्म है। राज्य कर प्रवर्तन शाखा तृतीय के अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन शिशुपाल सिंह ने बताया कि सीए अंकित जैन द्वारा अपने कुछ क्लाइंट्स की फर्मों के रिटर्नस भरने के कार्य को राजस्व हानि की मंशा से दुरुपयोग करते हुए फेक सप्लाई अर्थात बिना किसी वास्तविक माल अथवा सेवा की सप्लाई के केवल फेक इनवॉइस जारी करते हुए फेक आईटीसी जनरेट एवं यूटिलाइज कर राजस्व की सदोष हानि की है। जिसके एवज में कमीशन प्राप्त किया जाकर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया एवं कमीशन प्राप्त किया जाकर करापवंचन किया। इस कार्रवाई में सहायक आयुक्त हेमंत चंचल, राज्य कर अधिकारी हेमन्त कुमार शर्मा, संजय चौधरी, प्रदीप कुमार एवं कर सहायक दिनेश कुमार सैनी टीम में शामिल रहें।

सीए सुधीर भंसाली मानद सचिव नियुक्त

जयपुर। राजस्थान चाटर्ड एकाउंटेंट्स सोसाइटी के चेयरमैन सीए सुधीर भंसाली को राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स का मानद सचिव नियुक्त किया गया है। भंसाली एक वरिष्ठ समाजसेवी हैं और पिछले तीन दशकों से प्रोफेसन और इंडस्ट्री के हित में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर

जयपुर। शिप्रापथ इलाके में बुधवार देर रात एक पिकअप ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में फूड डिलीवरी देकर वापस लौट रहे युवक की मौत हो गई। तेज रफतार पिकअप पीछे से बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गई। पुलिस ने जयपुरिया हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र ने बताया कि हादसे में रेनवाल फागी के हरसूलिया गांव निवासी विक्रम बैरवा (20) पुत्र सूरज बैरवा की मौत हो गई। वह ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी (स्विगी) में जॉब करता था। बुधवार रात मानसरोवर एक ऑर्डर देने गया था। ऑर्डर डिलीवर कर रात एक बजे बाइक से सांगानेर की ओर जा रहा था। शिप्रापथ इलाके में रीको कांटे पर ओवर स्पीड पिकअप ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक सवार विक्रम को रौंदता हुआ ड्राइवर पिकअप को दौड़ा ले गया। हादसे की सूचना पर एक्सीडेंट थाना (दक्षिण) पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एम्बुलेंस की मदद से जयपुरिया हॉस्पिटल के मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पिकअप व ड्राइवर की तलाश कर रही है।

युवक बच्चों के सामने ही करता था महिला से अश्लील वीडियो कॉल

जयपुर। करधनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और नाबालिग बच्चों के सामने अश्लील वीडियो कॉल करता है। इस मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार झोटवाड़ा निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उसका पति आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है। उसके दो नाबालिग बच्चे हैं, जिनके सामने उसका पति अनैतिक हरकतें करता है और उन्हें भी अश्लील वीडियो दिखाता है। उनके सामने ही अन्य महिलाओं से अश्लील वीडियो कॉल करता है। जब उसने अपने पति को इस तरह की हरकतें करने से रोका तो उसने हैवानियत की हदें पार कर दी। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर पोक्सो एक्ट और बीएनएस की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि यह मामला बेहद गंभीर है और इसमें सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति की हरकतों से घर का माहौल खराब हो गया है और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। महिला ने प्रशासन से अपने और बच्चों की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की गहनात से जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ बाद उसे जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा।

38 थानों के फोन बंद से आमजन परेशान

जयपुर। पुलिस की लापरवाही के चलते जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के थानों के फोन बंद पड़े है। इससे आमजन को काफी परेशान का सामना करना पड़ा है। परिवादी को इमरजेंसी में 100 या 112 नम्बर पर ही डायल करना पड़ता है। जयपुर के 38 से ज्यादा थाने ऐसे हैं जिनके लैंडलाइन काम नहीं कर रहे। यही हाल अलवर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, उदयपुर और चूरू, ब्यावर समेत अन्य जिलों का भी है। जयपुर के 38 से ज्यादा थानों के लैंडलाइन नॉन-वर्किंग पाए गए। वहीं, कुछ थानों के नंबर तो पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध ही नहीं थे। कुछ लैंडलाइन ऐसे भी थे जो लगातार 'बिजी' आते रहे, जिससे संपर्क कर पाना असंभव था। इनमें बगरू, बिंदायका, वैशाली नगर, गांधी नगर, कानोता ,मोती डूंगरी, आमेर, भट्टा बस्ती, जयसिंहपुरा खोर, महिला थाना नॉर्थ, मानक चौक, नाहरगढ़, रामगंज, संजय सर्किल, शास्त्री नगर, सुभाष नगर, सांगानेर सदर, आंधी, जमवारामगढ़, महिला थाना ग्रामीण , मनोहरपुर,नरेना सहित अन्य कई थाने शामिल हैं।

नौकरी लगाने के नाम पर ठगे साढ़े चार लाख

जयपुर। कोटखावदा थाना इलाके में नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर महिला से साढ़े चार लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार खेड़ा जगन्नाथपुरा निवासी अनिता मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि पूजा मीणा, राहुल मीणा, नितेश नागर सहित तीन-चार लोगों ने उसके झांसा दिया कि वे उसके बेटे को नगर निगम में सफाई कर्मचारी के पद पर नौकरी लगवा देंगे। महिला को झांसे में आरोपियों ने उससे कई बार में साढ़े चार लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपियों ने उसके बेटे को सरकारी नौकरी नहीं लगवाई। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाने की मांग

जयपुर। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने आज लोकसभा में बोलते हुए अपने संसदीय क्षेत्र जयपुर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाने की मांग खेल मंत्री से की।

सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के बाद भी राजस्थान में भारतीय खेल प्राधिकरण का एक भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नहीं है। जबकि हाल ही के वर्षों में ओलंपिक, एशियन गेम्स तथा कॉमन वेल्थ खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के कई खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, निशानेबाजी, तीरंदाजी आदि खेलों में देश का नाम रोशन किया है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में एक भी नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नहीं होने के कारण प्रतिभावान खिलाड़ियों को सर्वोच्च श्रेणी का प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। जयपुर राजस्थान की राजधानी होने के साथ-साथ यहां की क्लाईमेटिक कंडिशन भी खिलाड़ियों के अनुकूल है।

चर्चित पत्रकार दीपक चौरसिया पर 30 को होंगे जयपुराइट्स से रूबरू

- होली का हुल्लास में पीआर और मीडिया कर्मी करेंगे काव्य-पाठ

जयपुर। देश के चर्चित पत्रकार दीपक चौरसिया राजस्थान दिवस पर जन-चेतना के सजग संवाहक परिवर्तन संस्थान और राजस्थान यूनिवर्सिटी के आर.ए. पोदार इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होली का हुल्लास और मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड कार्यक्रम में जयपुराइट्स से रूबरू होंगे। 30 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से शुरू होने वाले इस विलक्षण कार्यक्रम में मीडिया-पीआर प्रोफेशनल्स एवं मीडिया एजुकेटर्स अपनी मौलिक रचनाओं का पाठ करेंगे।

देश के चर्चित पत्रकार दीपक चौरसिया राजस्थान दिवस पर आयोजित होली का हुल्लास और मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड कार्यक्रम में जयपुराइट्स से रूबरू होंगे। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

ये जानकारी संस्थान के फाउंडर डॉ. संजय मिश्रा ने आज जयपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

संस्थान के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि होली के हुल्लास कार्यक्रम के इस चतुर्थ संस्करण में मीडिया, पीआर और मीडिया एजुकेशन के क्षेत्र में कार्यरत प्रोफेशनल्स को एक्सीलेंस अवॉर्ड विविध कैटेगरी में प्रदान किए जायेंगे। मीडिया पैनलिस्ट अवार्ड वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुन्दर शर्मा, डिजिटल मीडिया अचीवर अंकित तिवाड़ी, बेस्ट रिपोर्टर प्रिंट अवधेश अकोदिया, बेस्ट रिपोर्टर टीवी ऐश्वर्य प्रधान, बेस्ट रिपोर्टर रेडिओ जीतेन्द्र द्विवेदी, बेस्ट रिपोर्टर डिजिटल दिव्य गौड़, न्यूज़ प्रोडक्शन में डीडी न्यूज़ के मुरारीलाल गुप्ता, बेस्ट गवर्नमेंट पीआर हेतप्रकाश व्यास, बेस्ट कॉर्पोरेट पीआर अभिषेक गौड़, कम्युनिकेशन डिजाइन के लिए दी सृजन, कम्युनिटी जर्नलिज्म के लिए गीता यादव, आईईसी एक्टिविटीज के लिए झुंझुनू से महेश कुमार, रेडियो जॉकी आरजे रविंद्र, यंग एचीवर प्रिंट अजय भारद्वाज, बेस्ट कार्टूनिस्ट अभिषेक तिवाड़ी, टेक जर्नलिज्म आशीष खंडेलवाल, फोटो जर्नलिस्ट भागीरथ बसनेट और मीडया एजुकेशन के लिए बनस्थली विद्यापीठ के लोकेश शर्मा को प्रदान किया जायेगा।

सात दिन में व्यापारी हटाएं अतिक्रमण, नहीं तो निगम करेगा सख्ती : कुसुम यादव

- महापौर ने किया बाजारों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण
- सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर महापौर के निर्देश पर उपायुक्त स्वास्थ्य ने दो मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और दो स्वास्थ्य निरीक्षक को दिया नोटिस

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज जयपुर की महापौर कुसुम यादव ने गुरुवार को बाजारों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान बाजार में कई जगहों पर अतिक्रमण देख महापौर कुसुम यादव नाराज हुई। महापौर कुसुम यादव ने मौके पर ही व्यापारियों से समझाइश की और सात दिन में खुद ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सात दिन बाद निगम प्रशासन सख्ती से अतिक्रमण को हटवाएगा। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल, संजय सर्किल, स्टेशन रोड, इंद्रा बाजार, खजाने वालो का रास्ता, बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, सिंधी कैंप आदि स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं, महापौर कुसुम यादव ने किशनपोल जोन में कुछ स्थानों पर गंदगी होने पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को लताड़ पिलाई। महापौर कुसुम यादव के निर्देश पर उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा ने किशनपोल जोन में दो मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और दो स्वास्थ्य निरीक्षक को नोटिस भी जारी किया है। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान हेरिटेज निगम क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

नगर निगम हेरिटेज जयपुर की महापौर कुसुम यादव ने बाजारों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पार्षद अमर गुर्जर अरविंद मेठी उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी सहित निगम अधिकारी मौजूद रहे।

'नारी सशक्तिकरण के लिए उनके द्वारा किये गये कार्य हमेशा प्रेरणादायी रहेंगे'

- महारानी महाविद्यालय में आयोजित हुआ अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष कार्यकम

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को महारानी कॉलेज में मरूधर नारी सशक्तिकरण संगठन, और भारतीय शिक्षण मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह' में शिरकत की।

दिया कुमारी ने लोक माता अहिल्या बाई होलकर को नमन करते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों पर अहिल्याबाई होलकर जी का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज है क्योंकि उन्होंने लोकहित, राष्ट्रिहत व समाज हित के लिए अपना जीवन समर्पित किया। विद्धान, साहसी और प्रशासनिक कौशल की पहचान रानी अहिल्या बाई होलकर जी द्वारा नारी शक्ति, सशक्तिकरण व प्रशासनिक क्षेत्र में किये गये कार्य हमेशा प्रेरणादायी रहेंगे। इतिहास के पन्नों पर रानी अहिल्याबाई का नाम हमेशा सम्मान से लिया जाता रहेगा।

अपने शासन काल में उन्होंने राज्य हित, जनहित को सर्वोपरि माना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलवाया, उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, समाज में फैली कुरूतियों को समाप्त किया। उनके द्वारा किये गये सार्वजनिक हित के कार्य हमेशा समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय स्त्री शक्ति की शाखा मरूधर नारी सशक्तिकरण संगठन जो कि सनातन संस्कृति, राष्ट्रिहत में महिलाओं के उत्थान हेतु सक्रिय है और आपके द्वारा कच्ची बस्तियों के बच्चों के लिए शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र, महिला सिलाई केन्द्र, बालिकाओं की आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर, जैसे सेवा कार्य किये उन्होंने सभागार में उपस्थित छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अधिकारों व कानूनों से अवगत रहने के लिए प्रेरित किया ताकि वे सशक्त होकर एक सुदृढ़ सनातन संस्कृति को पोषित कर सकें।

भारत सरकार ने राजस्थान में डेयरी विकास के लिये अनुदान राशि में की तीन गुना बढ़ोतरी

जयपुर। भारत सरकार ने राजस्थान राज्य में डेयरी विकास के लिये पिछले वर्ष की तुलना में अनुदान राशि में तीन गुना से भी अधिक की बढ़ोतरी की है। गांव से लेकर शहरों तक आमजन को शुद्व एवं पौष्टिक दूध एवं दूध से बने उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्वता के चलते राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने भारत सरकार को राज्य की प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को सुदृढ़ बनाने के लिये 87.73 करोड़ रुपये की कार्य योजना प्रस्तुत की थी। भारत सरकार ने आरसीडीएफ की कार्य योजना को ज्यों की त्यों स्वीकृत करने की सैद्वान्तिक स्वीकृति दे दी है। यह स्वीकृति केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव की अध्यक्षता में 26 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में दी जिसमें राजस्थान का प्रतिनिधित्व आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने किया।

केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने किया।

बैठक में भारद्वाज ने राजस्थान राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण एवं दुग्ध संकलन में बढ़ोतरी के लिये 87.73 करोड़ रुपये की कार्य योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। आरसीडीएफ द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना पर भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी सचिव ने सैद्वान्तिक स्वीकृति दी। बैठक में भारत सरकार ने आरसीडीएफ द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये स्वीकृत की गई 17.84 करोड़ रुपये का त्वरित उपयोग कर राज्य के ग्रामीण स्तर तक डेयरी विकास कार्यक्रम पहुँचाने के प्रयासों की भी सराहना की गई।

पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

जयपुर। आजकल साइबर धोखाधड़ी के मामले बहुत बढ़ रहे हैं, साइबर क्रिमिनल नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं। इनमें से एक तरीका है फर्जी एसएमएस भेजकर लिंक के जरिए धोखाधड़ी करना। इसके संबंध में पुलिस मुख्यालय की साइबर शाखा द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। अगर आपको भी ऐसा ही कोई मैसेज मिले तो उसमें दिए गए लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाता नंबर, पासवर्ड सहित अन्य कोई जानकारी शेयर ना करें। पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा द्वारा राज्य में लगातार प्रयास किये जा रहे है। आपके बैंक खाते में पैसे जमा होने का फर्जी एसएमएस के साथ लिंक भेजकर पैसो की ठगी की जा रही हैं। आमजन अपने खातो की सुरक्षा के लिए व ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए सभी को बैंकिंग अलर्ट्स का ध्यानपूर्वक विश्लेषण कर भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना करनी चाहिए।

जयपुर एयरपोर्ट पर यात्री के प्राइवेट पार्ट में मिला 70 लाख का सोना

- खुफिया निदेशालय टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर कार्रवाई कर सोने तस्करी के मामले में एक यात्री और मास्टर माइंड को पकड़ा

जयपुर। राजस्व खुफिया निदेशालय(डीआरआई) टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सोने तस्करी के मामले में एक यात्री और मास्टर माइंड को पकड़ा है।

जानकारी में सामने आया है कि 70 लाख के सोने के पेस्ट को आरोपी यात्री के प्राइवेट पार्ट से रिकवर किया गया है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने गुरुवार सुबह आरोपी यात्री के साथ सोना तस्करी के मास्टरमाइंड को भी दबोचा है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी के हाथ लगे मास्टरमाइंड तस्कर अजय फगोड़िया से पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

डीआरआई के अधिकारियों के पास जानकारी थी कि एयर अरेबिया से आ रहा एक यात्री सोने की तस्करी कर रहा है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट के गेट जैसे ही खुले एजेंसी की टीम अलर्ट हो गई। डीबोर्डिंग शुरू होते ही एजेंसी के लोगों ने पहले से मिली सूचना के आधार पर आरोपी यात्री की तलाश शुरू कर दी। शक के आधार पर आरोपी यात्री को कस्टम जांच के लिए रुकवाया गया। लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला। हालांकि जांच के दौरान आरोपी के बदले हाव भाव से जांच करने वाली टीम का शक गहरा गया।

यात्री की अलग से ले जाकर फिर जांच की गई और पूछताछ शुरू हुई, लेकिन कुछ नहीं मिला। शक के आधार पर एजेंसी ने कोर्ट से तुरंत यात्री का एक्स-रे करवाने की परमिशन ली। जिसमें पेस्ट के तौर पर प्राइवेट पार्ट में छुपाया गया सोना नजर आया। जिसकी बाजार कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है।

आरोपी के पास से 772 ग्राम सोना रिकवरी की गई। आरोपी यात्री से जब अधिकारियों ने सोना तस्करी को लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने बड़ा खुलासा किया। आरोपी ने सोना तस्करी के मास्टरमाइंड अजय फगेड़िया के बारे में जानकारी दी। जो उसी के साथ ही रियाद से आया था। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि सोने की तस्करी का मास्टर माइंड अजय फगेड़िया उनके हाथ लगा है। जो सीकर और नागौर के लड़कों को कैरियर के रूप में इस्तेमाल कर सोना तस्करी करवाता है।

आरोपी इन लोगों को 10 से 20 हजार रुपए प्रति फेरे के देता है। आरोपी अजय काफी समय से सोना तस्करी में सक्रिय था। खुफिया एजेंसियों की रडार पर भी था। एजेंसी तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों का नेटवर्क खंगालने में भी लगी हुई है। अधिकारियों का उम्मीद है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हो सकते हैं।